## Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# भाजपाईयों ने की महापुरूषों के प्रतिमाओं की साफ सफाई

**सेवा दिवस**

पीएम के जन्मदिन को महापुरुषों की प्रतिमाओं को साफ सफाई करके सेवा दिवस के रुप में मना रहे



**संवाददाता**

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी अंबेडकर नगर मंडल के अध्यक्ष विशाल गुप्ता के नेतृत्व में क्षेत्र विधायक खजान दास के निर्देशन में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के जन्म उत्सव पर सेवा सप्ताह कार्यक्रम में छठे दिन मंडल में स्थित अनेकों महानुभावों की प्रतिमाओं को साफ कर मार्ल्यापण किया गया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर, सरदार बल्लभ भाई पटेल, पर्वतीय गांधी इंद्रमणि बडोनी, पूर्व प्रधाराजीव गांधी, हेमवती नंदन बहुगुणा, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी पंडित जवाहरलाल नेहरु की सभी प्रतिमाओं को साफ सफाई करके माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के सम्मानित अध्यक्ष बंशीधर भगत विशिष्ठ अतिथि देहरादून के प्रथम नागरिक मेयर सुनील उनियाल गामा, महानगर के अध्यक्ष सीताराम भट्ट शामिल थे।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत ने कहा कि आज हम सब भारत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म उत्सव को अपने महापुरुषों की प्रतिमाओं को साफ सफाई करके सेवा दिवस के रुप में मना रहे हैं क्योंकि इन महापुरुषों के किए गए कार्यों से ही हम प्रेरणा लेकर समाज में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनेक ऐसे आयाम स्थापित किए जो अपने आप में एक इतिहास रचते हैं, उन्होंने जम्मू कश्मीर का धारा 370 का विषय को तीन तलाक का कानून का विषय हो सभी को जन धन के माध्यम से खाते खुलवाने का विषय हो शौचालय निर्माण हो सभी को आवास देने की कल्पना हो सभी के घर बिजली पहुंचने की व्यवस्था बनाना हो ऐसा आयाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के जनमानस के लिए स्थापित किए है हम सब उनसे प्रेरणा लेकर कार्य करते हैं।

इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सरकार में दायित्वधारी नरेश बंसल, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, दायित्वधारी रविंद्र कटारिया, एनएचपीसी भगवत प्रसाद मकवाना, मंडल प्रभारी सतेंद्र नेगी, मंत्री रतन चौहान, महामंत्री विपिन खंडूरी अरुण खरबंदा, आशीष नागरथ, पार्षद संतोष नागपाल, मनोज जाटव, विमला गौड़, अनूप गोयल, अभिषेक नौटियाल, विपिन चंचल, पंडित अंबिका प्रसाद गैरोला, नंदी आर्य, गिरिशानंद, खेमचंद, लव अग्रवाल, भाग सिंह, अधीर गुप्ता, मनोज सिंघल, प्रिंस राजेश चौरसिया, निखिल,, दीपक अग्रवाल, ऋषभ, भूपेंद्र कठैत, केशव, विपिन, अभिषेक नौटियाल, पूनम शर्मा, मनोज जोशी, पंकज भाटिया, अंशिता, समीना, हेमलता रावत, विमला थपलियाल, ऋषि नन्दा, पवन त्रिपाठी, हिमेश भटनागर, अनुज तायल, सत्यम शर्मा, पूनम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के दौरे को बताया फिजुलखर्ची

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले में मुख्यमंत्री के जिले को लेकर कांग्रेस ने फिजुलखर्ची बताया। कांगेस के जिलाध्यक्ष त्रिलोक सिंह महर ने मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के दौरे को लेकर सवाल खड़े करते हुए कहा कि उन्होंने जिला मुख्यालय के लिए कोई भी नयी घोषणा नही की। उनके दौरे को कांग्रेस ने फिजुलखर्ची बतया। आपदा प्रभावितों की समय पर सुध लेने मुख्यमंत्री उन दिनों नही आ पाये और अब आकर पीड़ितों से माफी मांग रहे है। यह दौरा निराशाजनक है।

### मुख्यमंत्री के दौरे की समय पर जानकारी न दिये जाने पर चुफाल गरजे

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले में मुख्यमंत्री के दौरे की सूचना न दिये जाने पर डीडीहाट से भाजपा के विधायक बिशन सिंह चुफाल जिला प्रशासन पर भडक गये। उन्होने जिला प्रशासन की कार्य प्रणाली व प्रोटोकाल को लेकर सवाल खड़े किये। वही चुफाल की नाराजगी देखने लायक बन चुकी थी।

### यूकेडी महानगर संगठन का किया विस्तार

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रान्ति दल महानगर ईकाई के अध्यक्ष सुनील ध्यानी ने कहा है कि लगातार नगर निगम क्षेत्र के वार्डो में अपना सघन सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। लगातार जन समस्याओं को लेकर जनता के बीच है। उन्होंने कहा कि संगठन का विस्तार किया जा रहा है। महानगर अध्यक्ष सुनील ध्यानी ने संगठन का विस्तार करते हुये महानगर महिला प्रकोष्ठ की महानगर अध्यक्ष पद पर किरण रावत कश्यप तथा महानगर विधि प्रकोष्ठ पर महानगर अध्यक्ष एडवोकेट पंकज रतूड़ी को मनोनीत किया है।
उन्होंने कहा है कि महानगर ईकाई के विधि प्रकोष्ठ द्वारा जनता को हर रविवार को पार्टी कार्यालय कचहरी रोड़ में सुबह 10 से अपराह्न 1 बजे तक मुफ्त कानूनी सलाह आमजन को देंगे।

### ज्वालापुर की कई कॉलोनियों का हाल गढ्ढों से बेहाल

**संवाददाता** हरिद्वार शांति विहार, आर्यनगर, ज्वालापुर, हरिद्वार कॉलोनी के लोग भूमिगत बिजली लाइन, सीवर लाइन, गैस पाइप लाइन डालने के लिये खोदे गए गढ्ढों के कारण पिछले 8–10 महीने से नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। सड़क में गढ्ढे हैं या गढ्ढों में सड़क है इसका पता ही नहीं चलता। बारिश के दिन तो सड़क पर निकलना दूभर हो ही जाता है इसके विपरीत इन गढ्ढों में गिरने से लोगों को चोटें भी लगती रही हैं और उनका सामान भी पानी में बह जाता है। इन सबके बावजूद कॉलोनी की कोई सुध लेने वाला नहीं है।

## भाजपाईयों ने साफ की पंडित नेहरू व राजीव गांधी की प्रतिमा

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा है कि आज जिस प्रकार से भाजपाई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन को सेवा सप्ताह के रूप में मनाते हुए महापुरूषों की प्रतिमाओं को साफ कर मार्ल्यापण कर रहे है पर आभार व्यक्त किया है कि उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू, स्वर्गीय राजीव गांधी को याद किया और केवल एक दिन ही नहीं बल्कि समय समय पर भाजपाईयों को इस ओर सजग रहने की जरूरत है।

एक दिन नहीं समय समय करें यह कार्यः राजकुमार

उन्होंने कहा कि कांग्रेस तो पूर्व से ही यह कार्य करती आ रही है और समय समय पर प्रतिमाओं की साफ सफाई व माल्यार्पण किये जाते रहे है। उन्होंने कहा कि कम से कम एक दिन भाजपाईयों पंडित जवाहर लाल नेहरू, स्वर्गीय राजीव गांधी की प्रतिमाओं की साफ साफ करते हुए माल्यार्पण किया और उन्हें याद किया। उन्होंने इसके लिए भाजपाईयों को धन्यवाद दिया है और कहा कि समय समय पर भाजपाई इसके लिए सजग रहे।

उन्होंने कहा कि भाजपा नगर निगम बोर्ड ने पूर्व में महापुरूषों की प्रतिमाओं को लगाने के लिए एनओसी तक नहीं दी परन्तु कांग्रेस ने अपने दम पर इन प्रतिमाओं को स्थापित किया है।

## जाम से निजात व कोविड सक्रमण को लेकर उपजिलाधिकारी ने ली बैठक

■बैठक में व्यापार मंडल,टेक्सी यूनियन, पेयजल, लोनिवि व नगर पंचायत रहे मौजूद



**संवाददाता** पुरोला। पुरोला में आये दिन लग रहे जाम व कोविड के बढ़ते संक्रमण समेत जनता की विभिन्न समास्यों के निदान को शनिवार को उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी ने जल संस्थान,नगर पंचायत,पुलिस लोनिवि सहित,व्यापार मंडल,टेक्सी यूनियन की बैठक ली व सुझाव मांगें।

बैठक में उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी ने जाम से निजात के लिए मांगे गये सुझाव पर व्यापारियों ने कहा कि कुमोला रोड में सड़क किनारे नाली पर स्लेप डाल कर कवर कर सड़क चौडी करनें से स्पेस खुलेगा व लोगों को पैदल आने आने में सुविधा होगी।

वहीँ उपजिलाधिकारी ने जल संस्थान को निर्देश दिए कि सड़क किनारे बिच्छी पाइप लाइन को जल्दी हटा कर उसे पीछे करे व नगर में पेयजल की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू करें साथ ही पुलिस को गाड़ियों में सोशियल डिस्टेंडिंग का पालन न कर के मानकों से अधिक सवारी बिठाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती बरतने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी ने सभी से कोविड सक्रमण से बचाव में सहयोग की अपील की।

.बैठक में अधिशासी अभियंता लोनिवि धीरेंद्र कुमार अधिशासी अभियंता जलसंस्थान प्रियदर्शन रावत व सीओ पुलिस अनुज आर्य,पुरोला थाना प्रभारी प्रदीप तोमर,साहिल वशिष्ठ,एई सोनू त्यागी,शिव सिह चौहान उपेंद्र असवाल,बलदेब रावत,राकेश पंवार,जयेंद्र रावत कुलदीप राणा,जगमोहन नौडियाल आदि उपस्थित थे।

## चीन सीमा से लगे अंतिम घाटी तक बसे गांव सड़क योजना से जुड़ेगे

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। दो दिवसीय दौरे पर जनपद भ्रमण पर पहुंचे मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सीमांत जिले के लिए कोई घोषणा नही की। उन्होंने फिलहाल पूर्व में की गई घोषणाओं पर जोर डाला। देवसिंह मैदान में बहुमंजली पार्किग का लोकापर्ण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार के कार्यकाल को साढ़े तीन साल पूरे हो चुके है। इस अवधि के भीतर सरकार ने अपने द्वारा किये गये अधिकांश वायदे पूरे किये। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने इनवेस्टर समिट का आयोजन कर सूदूर पर्वतीय क्षेत्रों के लिए चालीस हजार करोड़ के एमओयू किए है। जिसमें अकिंश होटल और पर्यटन व्यवसाय जुड़े है। वही इनका लाभ लोगों को आमतौर पर मिल रहा है। दस हजार लोगों को मोटर बाइक्स टैक्सी देने और कैपा के तहत चालीस हजार लोगों को गांव में रोजगार दने की पूर्व में उनके द्वारा की गई घोष्णाओ को उन्होंने फिर से दोहराया। बंगापानी आपदा प्रभावितों से मिलने आए मुख्यमंत्री ने सीमांत तहसील धारचूला पर खूब सारी घोषणायें की। उन्होंने चीन और नेपाल सीमा पर घोषणाओं की झड़ी लगा दी। जिले में पत्रकारों से हुई वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने चीन सीमा से लगे सीमांत तहसील धारचूला के उच्च हिमालयी दारमा और व्यास घाटी के सभी गांव मुख्यमंत्री सड़क योजना से जोड़े जायेगे। धारचूला में काली नदी के किनारे ढाई करोड़ की लागत से तटबंध का निर्माण किया जायेगा। धारचमला मिनी स्टेडियम में पर्वतारोहण के लिए दीवार का निर्माण भी कराये जाने के उन्होंने जानकारी दी। संचार सेवा दुरूस्त करने के पांच मोबाइल टावर लगाये जाने की भी उन्होंने घोषणा की। वही नेपाल सीमा से जुडे खोतिला गांव को जोडने के लिए सुरंग तैयार की जायेगी। मुख्यमंत्री ने जिले में पहले दिन एक सौ बारह करोड़ सैंतालीस लाख रूप्ये की लागत के सताइस विकास कार्यो का लोकापर्ण और शिलान्यास किया।

सीमांत जनपद के लिए कोई नही हुई नयी घोषणा

## आशा कार्यकत्रियों को कोरोना वारियर्स का प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**संवाददाता** डोईवाला। सामाजिक संस्था दृष्टिकोण समिति ने दूधली में आशा कार्यकर्त्रियों को कोरोना वॉरियर्स का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष मोहित उनियाल ने सभी कोरोना योद्धाओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि देश मे कोरोना संक्रमण काल में जब सभी लोग घरों में अपने आप को सुरक्षित रखना चाहते थे तब इन बहनों ने क्षेत्र में लोगो को जागरूक रखने का काम किया व अभी भी मुश्किल परिस्थिति में जनता के बीच मे दिन रात काम कर रही हैं। इस अवसर पर उन्होंने सभी कोरोना वॉरियर्स का आभार जताते हुए कहा की अपने और अपने परिवार से अधिक समाज की सोचने वाले लोग ही असल मायने में वारियर्स है। उनियाल ने कहा की महामारी से आजादी की इस लड़ाई में हर कोरोना वारियर्स के समर्पण को याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा डोईवाला क्षेत्र में कोरोना के समय काम कर रहे अन्य योद्धाओं को भी सम्मानित किया जाएगा ।